an>

Title: Need to construct a Railway Over Bridge at Jugsalai in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के अंतर्गत जुगसलाई विगत 5 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुआ है। इतने लंबे समय काल में रेलवे बोर्ड के अधिकारी यह तय नहीं कर पाए कि सीधा ROB या यूटर्न ROB बनाना है। जबकि ये बहुत ही महत्वपूर्ण ROB है। इस ROB को सीधा बनाने में लगभग 400 करोड़ मुआवजा लगेगा, राज्य सरकार द्वारा 50 सालों से अतिक्रमण की शिकार रेलवे की जमीन को खाली कराया गया है ताकि यूटर्न ROB बन सके। राज्य सरकार के द्वारा खाली कराए गए 5 हजार स्कवायर फीट जमीन का रेलवे द्वारा 7 करोड़ रूपये मूल्य मांगा जा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि देश के अंदर कितने ROB बने हैं जिसमें ROB बनाने के लिए जमीन का पैसा राज्य सरकार को देना पड़ा है? ये बहुत ही महत्वपूर्ण ROB है। यहाँ पर थोक विक्रेता के साथ-साथ करीब 7 से 8 हजार रोजाना लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अधिकारियों द्वारा सीधा और यूटर्न बनाने के निर्णय के असमंजस में 5 वर्ष बीता दिए गए। अब यूटर्न ROB जिस भूखण्ड पर बनना है उस जमीन की कीमत 7 करोड़ रूपये रखी गयी है जबकि ROB बनाने में 50औ रेलवे और 50औ राज्य सरकार को देना पड़ता है। फिर अलग से जमीन का मुआवजा माँगने पर ये योजना अधर में लटक जाएगी।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि रेलवे के नियमानुसार 50औ - 50औ राशि के आधार पर जुगसलाई ROB बनाने की कृपा की जाए।